हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 21 दिसंबर 2025

04 पुलिस ने अंतरराज्यीय सिकलीकर गैंग के...



07 अटल जी के राष्ट्र विषयक प्रथम मूल्यों को याद कर...





## खबर संक्षेप में

### डॉ अभिषेक पाटीदार बने नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ

**नलखेड़ा।** डॉ अभिषेक पाटीदार ने नगर को गौरवांवित किया है। डॉ पाटीदार ने नाक, कान, गला विशेषज्ञ के साथ ही सिर व नाक के कैंसर की सर्जरी की विशेषज्ञता डिग्री प्राप्त की है। डॉ अभिषेक पाटीदार ने श्याम शाह गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज रीवा से ईएनटी एवं हेड एंड नेक कैंसर सर्जरी में एमएस की डिग्री प्राप्त कर परिवार व नगर को गौरवांवित किया है। डिग्री प्राप्त कर नगर में लौटे डॉ पाटीदार का परिजनों व इष्टमित्रों ने स्वागत कर बधाई दी।

### बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन

**नलखेड़ा।** नगर सहित क्षेत्र में गत कई दिनों से शीतलहर चल रही है लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के बाद गत तीन दिनों से बर्फीली हवाएं चलना प्रारंभ हो गई हैं। बर्फीली हवाओं के चलते दिन व रात का न्यूनतम तापमान भी लगातार कम होता जा रहा है। बर्फीली हवाओं से बचने के लिए नागरिक दिनभर गर्म ऊनी वस्त्र धारण कर रहे हैं। वहीं सुबह शाम नागरिक अलाव का सहारा भी ले रहे हैं। बर्फीली हवाओं के कारण जन जीवन भी प्रभावित होने लगा है। सुबह बाजार आम दिनों की तुलना में देर से खुल रहे हैं।

### संरक्षित पानी की चोरी रोकने सभी प्रमुख जलाशयों पर की जा रही निगरानी

# कार्रवाई: भगवानपुरा तालाब से पानी की चोरी में चार मोटरें जब्त

पेयजल संकट को लेकर कलेक्टर सख्त, बोले- जलाशयों से पानी चोरी करने वालों पर होगी एफआईआर, निगरानी के लिए विशेष टीमें गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में कम वर्षा के कारण आगामी ग्रीष्म ऋतु में होने वाले संभावित जल संकट को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। कलेक्टर के सख्त निर्देश पर शुक्रवार को राजस्व और संसाधन विभाग की टीम ने भगवानपुरा तालाब पर अचानक छापेमारी की। इस दौरान तालाब से अवैध रूप से पानी निकाल रही चार मोटरों को जब्त किया गया है। बीते दिनों आयोजित बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सीहोर नगर और आसपास के अधिकांश जलाशय केवल पेयजल आपूर्ति के लिए आरक्षित हैं। इन जलस्रोतों से सिंचाई या अन्य कार्यों के लिए पानी निकालना पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य इन जलाशयों के जल स्तर को सुरक्षित और संरक्षित रखना है ताकि शहरवासियों को गर्मी के दिनों में पेयजल की किल्लत का सामना न करना पड़े।

**कम बारिश ने बढ़ाई चिंता :** बता दें इस वर्ष औसत से कम बारिश होने के कारण जिले के जलाशयों में जलभराव की स्थिति चुनौतीपूर्ण है। कलेक्टर ने इसी को देखते हुए पेयजल संरक्षण को प्राथमिकता पर रखा है। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक कहा है कि पानी चोरी रोकने के लिए किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### निगरानी के लिए टीम गठित

प्रशासन ने न केवल छापेमारी की है, बल्कि अब जिले के सभी प्रमुख जलाशयों पर लगातार निगरानी शुरू कर दी है। कलेक्टर के आदेश पर गठित विशेष टीमें समय-समय पर जलस्रोतों का निरीक्षण कर रही हैं। इससे पहले भी जिले के अन्य तालाबों से पानी चोरी में प्रयुक्त मोटरें जब्त की जा चुकी हैं।

#### कलेक्टर की चेतावनी

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिलेवासियों और विशेषकर किसानों से अपील की है कि वे पेयजल के लिए आरक्षित स्रोतों का अवैध उपयोग न करें। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से मोटर पंप लगाकर पानी चोरी करते पाया गया तो मोटर जब्ती के साथ-साथ संबंधित के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई और एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

## खेतों में बाघ की दहशत, रातभर जागते किसान, वन विभाग की चुप्पी पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा





**सीहोर।** जिले के चंदेरी गांव में बीती रात करीब 2 बजे खेत के पास स्थित नाले से बाघ की तेज दहाड़ सुनाई दी, जिससे आसपास के गांवों में भय का माहौल बन गया। किसानों का कहना है कि खेतों में बाघ के पंजों के स्पष्ट निशान दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले दो दिन पूर्व रामाखेड़ी गांव में भी बाघ के पंजे मिलने की सूचना किसानों ने वन विभाग को दी थी, लेकिन अब तक मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। रात के समय बाघ की मौजूदगी के कारण किसान खेतों में पानी देने तक नहीं जा पा रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि चंदेरी, रामाखेड़ी, उलझावन और रलावती जैसे गांवों में बाघ रातभर घूमता रहता है, जिससे किसानों और ग्रामीणों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में भय का वातावरण बना हुआ है। किसान रातभर जागकर अपने परिवार और मवेशियों की सुरक्षा करने को मजबूर हैं। इसके बावजूद वन विभाग के अधिकारी गांवों में गश्त करने या स्थिति का जायजा लेने नहीं पहुंचे, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।वन विभाग की उदासीनता से आहत होकर किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों किसान वन रेंज बिलकिसगंज कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि वन विभाग अपने घरों में चैन की नींद सो रहा है, जबकि किसान भय और अनिश्चितता में रात गुजारने को मजबूर हैं। प्रदर्शन में किसान राम सिंह मेवाड़ा, रामाखेड़ी के पर्वत सिंह मेवाड़ा, मोतीलाल चंदेरी के अनूप मेवाड़ा पर्वत मेवाड़ा गुलाब सिंह मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वन मंत्री और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की कि तत्काल क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए और बाघ को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे मजबूर होकर उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि भयमुक्त वातावरण बनाए बिना किसान खेती नहीं कर पाएंगे और आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा।

## ड्राइवर से कार, नकदी और मोबाइल लूटने वाले चार आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एक मामूली लिफ्ट की मांग उस रात एक खौफनाक वारदात में बदल गई। भोपाल के जे.के. हॉस्पिटल के सामने खड़े ड्राइवर नितिन कुमार सनोडिया को क्या पता था कि जिन चार युवकों को वह सीहोर छोड़ने जा रहा है, वही उसकी जिंदगी की सबसे डरावनी रात बन जाएंगे। अभियोजन के अनुसार 23 सितंबर 2024 की शाम 7.30 बजे सीहोर के नितिन कुमार सनोडिया भोपाल के जे.के. हॉस्पिटल के सामने स्विफ्ट डिजायर कार लेकर खड़े थे। नितिन से चार युवकों ने सीहोर तक छोड़ने की बात कही। 2000 रुपये किराया तय हुआ और नितिन ने इंसानियत व भरोसे के नाते उन्हें गाड़ी में बैठा लिया। यही भरोसा आगे चलकर उसकी सबसे बड़ी भूल साबित हुआ। आरोपियों ने रास्ते में साक्षी ढाबे के सामने गाड़ी रुकवाई गई, जहां से शराब खरीदी। इसके बाद गाड़ी को नीलबढ़-रातीबढ़ रोड होते हुए सीहोर के बड़ियाखेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया की ओर मोड़ दिया गया। रात का अंधेरा, सुनसान इलाका और शराब के नशे में डूबी आंखें सब कुछ पहले से तय साजिश का हिस्सा था। जैसे ही गाड़ी रोकी गई, एक आरोपी ने पीछे से ड्राइवर की गर्दन दबा दी। दो अन्य ने हाथ-पैर पकड़े और रस्सी से बांध दिया। डर और दहशत के बीच नितिन से जेब के 1000 रुपये, डैशबोर्ड में रखे 10 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीन लिया गया। यही नहीं, फोन-पे का पासवर्ड पूछकर 13 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए गए।

#### कार लूटी, जंगल में छोड़ा

लूट की हद तब पार हो गई जब चारों आरोपी ड्राइवर की स्विफ्ट डिजायर कार लेकर फरार हो गए। नितिन को कोलार डेम के आगे जंगल में बेबस हालत में छोड़ दिया गया। हाथ-पैर खोलकर किसी तरह सड़क तक पहुंचा और ट्रक से लिफ्ट लेकर डीमार्ट पहुंचा, जहां भाई को बुलाकर पूरी आपबीती सुनाई। थाना कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण दर्ज किया, घटनास्थल का नक्शा बनाया और आरोपियों को गिरफ्तार किया। विवेचना के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी आज़म मोहम्मद ने सशक्त पैरवी की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता ने साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए चारों आरोपियों मनीष मेवाडा पिता केदारसिंह मेवाडा उम्र 21 वर्ष निवासी अकोदिया शाजापुर, सोनू पिता भगवानसिंह उम्र 24 वर्ष, क्रिस मेवाडा पिता महेश मेवाडा उम्र 20 वर्ष निवासीगण ग्राम पासीसेर कालापीपल जिला शाजापुर तथा प्रदीप मेवाडा पिता नरेश मेवाडा उम्र 27 वर्ष निवासी रलावती बिलकिसगंज जिला सीहोर को दोषी ठहराया। न्यायालय ने बीएनएस की धाराओं के तहत 3-3 वर्ष व 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास तथा कुल 2400 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीजनल एनफ्लूऐन्जा की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-खाँसी (इन्फ्लूएंजा) के लक्षण दिखाई दे सकते हैं, इसलिए इस संक्रमण से बचाव के लिए व्यक्तिगत व्यवहार में परिवर्तन आवश्यक हैं।

## सुशासन सप्ताह अंतर्गत शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

### शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की





सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' अंतर्गत कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशन में जिले की नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान नागरिकों से विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा मौके पर ही कई प्रकरणों का निराकरण किया गया। साथ ही लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

उल्लेखनीय हैं कि सुशासन सप्ताह 19 से 25 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को नगर परिषद सोयत, सुसनेर, नलखेड़ा और ग्राम पंचायत भ्याना, भंडावद में आयोजित शिविरों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। शिविर में वार्डवासी, ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कलेक्टर-एसपी ने जेल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सीहोर जिला जेल पहुंचकर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए बंदियों को पर्याप्त संख्या में शाल एवं कंबल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि ठंड के मौसम में किसी भी बंदी को असुविधा न हो।

इस दौरान उन्होंने आर्थिक रूप मे असक्षम कैदियों को स्वेटर भी वितरित कराए। उन्होंने जेल की चिकित्सा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी श्री शुक्ला ने जेल में भोजन, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छ रसोई व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर 566 बच्चों का टीकाकरण किया

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 19 दिसंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 396 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 170 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 64 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

## नगर में पतंगों की सजी दुकानें आसमान में उड़ने भी लगी



**नलखेड़ा।** भारत देश पर्वों का देश माना जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न भिन्न पर्व भिन्न भिन्न तरीकों से मनाने की परंपरा है। मालवा क्षेत्र में मकर संक्रांति पर्व पर दान पुण्य के साथ ही पतंगबाजी, गिल्ली डंडा जैसे खेल खेलने की परंपरा है। इस मकर संक्रांति पर्व को लेकर नगर में पतंगबाजी का दौर प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए पतंगों व मांझे की दुकानें भी सज चुकी हैं जहां इनकी अच्छी बिक्री भी चालू हो गई है। पतंगों की बिक्री के साथ ही आसमान में पतंगे भी उड़ाती दिखाई देने लगी हैं। मकर संक्रांति के पूर्व से ही नगर में युवा व बच्चे अपने अपने घरों की छत पर पहुंचकर पतंगबाजी में हाथ आजमाने लगे हैं।



### विभिन्न रूप धारण कर व विभिन्न तरीकों से माता रानी के दरबार में पहुंच रहे भक्त

**नलखेड़ा।** नगर में स्थित मां बगलामुखी अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। यहां माता रानी की आराधना के लिए विभिन्न रूप धारण कर व विभिन्न तरीकों से भक्त पहुंचते हैं। शुक्रवार प्रातः ऐसे ही कुछ भक्त मां काली व अन्य रूप धारण कर माता रानी के दरबार में पहुंचे। इन भक्तों के हाथों में तलवार थी जिसकी नोक पर नींबू लगा हुआ था। हाथ में मिट्टी के बर्तन में अग्नि प्रज्ज्वलित थी। इन भक्तों के मंदिर परिसर में पहुंचते ही इनके आसपास भक्तों की भीड़ लग गई। उक्त भक्त माता रानी के दर्शन कर अपने गंतव्य के लिए निकल गए। इसी प्रकार कई भक्त माता के दरबार में लोट लगाते तो कई भक्त नंगे पैर पैदल चलकर पहुंचते हैं। कई भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर तो कई भक्त मनोकामना को लेकर भिन्न भिन्न स्वरूप धारण कर भिन्न भिन्न तरीकों से मां के दरबार में पहुंचते हैं।

## किशोरी बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य, पोषण व स्वच्छता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




सतत विकास अनुसंधान एवं सुधार संस्थान द्वारा संदीपनी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मेरी उड़ान कार्यक्रम अंतर्गत किशोरी बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में इनविजन इंडिया से शंकर सर शिवप्रसाद सर एवं उनकी स्थानीय टीम सतत विकास अनुसंधान एवं सुधार संस्थान के डायरेक्टर प्रवीण सर सलाहकार पराग मेंढ़के एवं खुशबू शासकीय प्रतिनिधि जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला पंचायत आगर मालवा पवन स्वर्णकार सीडीपीओ रेणु पंत बीईओ दिनेश त्रिवेदी स्वास्थ्य विभाग से डॉ विनीता शर्मा एवं डॉ तृप्ति शर्मा तथा जीवन सेतु परियोजना की ब्रांड एंबेसडर गायत्री की उपस्थिति रही।

कार्यशाला के सत्रों में जीवन सेतु संस्थान के प्रतिनिधियों द्वारा किशोरी बालिकाओं से स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता विषयों पर संवाद किया गया। रेणु पंत द्वारा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर विस्तृत परिचर्चा की गई। जिसमें छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता पोषण आहार एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सुमन-के विधि के माध्यम से हाथ धुलाई का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया।

वहीं गायत्री ने किशोरी बालिकाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु प्रेरणादायी सुझाव दिए। संवाद सत्र के दौरान पवन स्वर्णकार ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले में संचालित वॉश ऑन व्हील सेवा एवं उसके ऑनलाइन मोबाइल ऐप की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू एवं संस्थागत शौचालयों की नियमित एवं टिकाऊ साफ-सफाई के लिए अत्यंत उपयोगी है। कार्यशाला के अंतर्गत जूनियर एवं सीनियर वर्ग में चेयर रेस 100 मीटर दौड़ स्वच्छता आधारित वॉल पेंटिंग एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## इनरव्हील क्लब ने किया गर्म कपड़ों का वितरण



**देवास।** इनर व्हील क्लब देवास 304 में अध्यक्ष मोनिका जैन के नेतृत्व में दो महत्वपूर्ण सेवा परियोजनाएँ सफलतापूर्वक संपन्न की गईं। पहली सेवा परियोजना द ,ओरेज वर्ल्ड के अंतर्गत महिला सशक्तीकरण, समान अधिकार एवं महिला शोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाने हेतु एक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली नर्सिंग कॉलेज में शपथ कार्यक्रम के साथ संपन्न हुई, जिसमें महिलाओं के हित में बनाए गए विभिन्न कानूनों की जानकारी दी गई एवं उनके अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में दूसरी सेवा परियोजना के अंतर्गत जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को शीतकाल से बचाव हेतु कंबल, स्वेटर एवं जैकेट का वितरण सभी बहनों की ओर से किया गया। यह वितरण जवाहर नगर से लेकर विकास नगर तक ब्रिज के नीचे रहने वाले लोगों को किया गया। साथ ही साईं मंदिर एवं खेड़ापति मंदिर के बाहर बैठे जरूरतमंदों को भी कंबल एवं गर्म वस्त्र प्रदान किए गए। इन दोनों सेवा परियोजनाओं में निशा राठौर, मीना वर्मा, प्रीति यादव, नीला तिवारी, चंद्रकांता शर्मा, सरोज तिवारी एवं मेघा शर्मा, उषा जोशी, अपर्णा देशपांडे और श्वेता निगम व क्लब की सक्रिय बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। इनर व्हील क्लब देवास 304 द्वारा किए गए ये सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देने वाले एवं प्रेरणादायक रहे।

## पदक विजेता बालिकाओं का किया सम्मान

**देवास।** खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी जोनल लीग अजमेर में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ियों का शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में स्वागत सम्मान किया गया। समारोह में बालिका खिलाड़ियों के साथ उनके अभिभावकों भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी एवं जिला खेल अधिकारी जयवीर सिंह भदौरिया रहे। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद धर्मेन्द्र सिंह बैस मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, अबरार एहमद शेख सचिव रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्य प्रदेश, आशिष गुप्ता देवास जिला साइकिल संघ अध्यक्ष, अभय श्रीवास सचिव पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश, अमिताभ शुक्ला चीफ ब्यूरो, देवास खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जावेद पठान उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा सब-जुनियर में जसिका परमार और अभेरी देशपांडे, सब जूनियर वर्ग टीम में खेलते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया, वहीं जूनियर टीम मै खिलाड़ी स्नेहा मैहर तथा हरिप्रिया यादव, नितिका चावड़ा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जयवीर सिंह भदौरिया ने कहा कि देवास की ये बेटियाँ प्रदेश और देश दोनों स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

### ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत जनसहयोग से लगे कैमरों की मदद से हुआ खुलासा

# पुलिस ने अंतरराज्यीय सिकलीकर गैंग के शातिर बदमाश को किया गिरफ्तार

### मजदूर और फेरीवाले बनकर 03 दिनों तक लगातार पुलिस ने की रैकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

08 दिसम्बर को विकास नगर देवास निवासी फरियादी मुकेश पटवर्धन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके समधी दीपक नाईक के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने चोरी को अंजाम दिया है। फ़रियादी की रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास पर अपराध क्रमांक 1088/25 धारा 331(4),305(a) BNS का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसपर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीरसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। "ऑपरेशन त्रिनेत्रम्' के तहत जनसहयोग से लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज को खंगाला गया। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए। पुलिस टीम द्वारा अपनी पहचान छुपाकर 03 दिनों तक मजदूर और फेरीवाले बनकर आरोपी के ठिकाने की रैकी कर आरोपी की घेराबंदी कर आरोपी आनन्द सिंह पिता पर्वतसिंह उम्र 25 साल निवासी डूंगरपुर (राजस्थान) को इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने चोरी गई नकदी 25,000/- रुपये व चांदी के आभूषण कीमत करीबन 50,000/- रुपये जप्त किए। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया,उनि प्रवीण राठौर,नरेन्द्र अम्करे,आर अजय जाट,अर्पित जायसवाल,नरेन्द्र सिरसाम, मआर स्वप्नील, सै तेजसिंह मण्डलोई एवं साइबर सेल से प्रआर सचिन चौहान का विशेष योगदान रहा।

### दहशत फैलाने की कोशिश करने वाले आगजनी गिरोह के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

5 मार्च की मध्य रात्रि को फरियादी अजय गोयल द्वारा आरोपी कार्तिक चिल्लौरिया को मोहल्ले में अनावश्यक रूप से घूमने एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त होने से मना किया गया था। इसी बात की रंजिश रखते हुए आरोपी कार्तिक ने अपने साथी अखिलेश बामनिया एवं धीरज पटेल के साथ मिलकर फरियादी तथा उसके पड़ोसी की दो मोटरसाइकिलों में आगजनी कर दी। इस गंभीर घटना से क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 1043/2025 धारा 326(G),3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई।थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से फरार आरोपी कार्तिक पिता उत्तम चिल्लोरिया उम्र 24 वर्ष निवासी बालगढ़ को 18 दिसंबर को घेराबंदी कर धर दबोचा। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेजने की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# बिना पीयूसी, बीमा वाले 9 वाहनों पर की कार्रवाई

### प्रदूषण मुक्त वाहन चलाने का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार आरटीओ द्वारा जिले में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में आरटीओ जांच दल द्वारा धुंआ फैलाने वाले ऐसे वाहनों जिनमें पीयूसी ( प्रदूषण सर्टिफिकेट) नहीं है, उक्त वाहनों पर सख्ती के साथ कार्यवाही करते हुए चालान काटे जा रहे है। साथ वाहनों में वैध बीमा भी जांच किया जा रहे है। जांच में 27 वाहनों की जांच की गई जिसमें 9 वाहनों में कमी पाई जाने पर 56 हजार का चालान काटा। फ्लेक्स के माध्यम से दिया जा रहा संदेशआरटीओ विभाग द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों जैसे बस स्टैंड, जिला अस्पताल, नगर निगम आदि स्थानों पर पीयूसी जांच करवाकर और सर्टिफिकेट साथ लेकर ही वाहन का संचालन करने के निर्देश वाले फ्लेक्स लगाए गए है, जिसमें पीयूसी सर्टिफिकेट न पाए जाने पर दंड की राशि का विवरण दिया गया है। आरटीओ अधिकारी ने बताया कि 200 से 250 रुपए में बनने वाले पीयूसी सर्टिफिकेट की दंड राशि निजी वाहनों पर 1000 और व्यावसायिक वाहनों पर 5000 हजार होती है, ऐसे में बिना पीयूसी के चलना सही नहीं होता है, आरटीओ विभाग द्वारा लगातार अनेक प्रकार से जन साधारण तक यातायात नियमों के पालन का संदेश पहुंचाया जा रहा है। चौहान ने बताया कि सभी वाहन संचालक अपने सभी दस्तावेजों को पूरा करके ही वाहन संचालित करें, पीयूसी और बीमा न होने पर सख्ती से कार्यवाही की जाएगी।

## 22 दिसम्बर से श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव



**देवास।** श्री हरिकृष्ण मानव गौ सेवा संस्थान देवास एवं मुख्य यजमान तथा विश्व हिन्दू परिषद् जिला अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ, ज्ञान गंगा सप्ताह एवं निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन का शुभारंभ होने जा रहा है जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कथा का शुभारंभ 22 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे क्षिप्रा तट हाट मैदान से कलश एवं शोभा यात्रा के साथ होगा। परम पूज्य 1008 महामंडलेश्वर श्री ईश्वरानंद के श्रीमुख से धुंधकारी मोक्ष, बिहारी श्री दर्शन, कुंती स्तुति, सुखदेव आगमन, ब्रज रानी दर्शन, श्रीराम जन्मोत्सव, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाएँ, गोवर्धन प्रसंग, कंस वध, रुक्मणी मंगल और सुदामा चरित्र जैसे दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा की पूर्णाहुति 28 दिसम्बर को होगी। इसी दिन 201 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह संपन्न होगा। नवदंपतियों को उपहार स्वरूप 51 बर्तन, गोदरेज अलमारी, सिंगल बेड, टी-टेबल, रजाई-गद्दा, कंबल सहित अन्य गृहस्थी सामग्री प्रदान की जाएगी। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 6 बजे तक महाप्रसादी (भंडारा) की व्यवस्था रहेगी।

## वरिष्ठ अधिवक्ता वर्मा के पुत्र का निधन

**देवास।** अभिभाषक संघ के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक वर्मा के पुत्र अभिषेक वर्मा का 43 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और उनका उपचार इंदौर के बांबे अस्पताल में चल रहा था। वे अपने पीछे माता-पिता व दो बच्चे छोड़ गए है। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार की अपरान्ह 4 बजे अग्रोहा नगर स्थित निज से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में न्याय विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, अभिभाषक, व्यापारी, पत्रकार सहित गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

# संस्था मानस ने बच्चों को गर्म कपड़ों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संस्था मानस द्वारा शुक्रवार को आईटीआई प्रांगण में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क गर्म कपड़े, नए स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, पत्रकार खुमानसिंह बैस एवं मयूर व्यास उपस्थित थे। कार्यक्रम में सिंगिंग फार चेरिटी के कलाकारों द्वारा देश भक्ति के एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी गई। अतिथियों ने संस्था अध्यक्ष हेमंत शर्मा एवं उनकी टीम के कार्यो की प्रशंसा करते हुए अनुकरणीय बताया। संस्था सचिव राजेश पटेल ने बताया कि संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर, शिक्षण सामग्री, साइकिल, तथा अन्य जरूरतमंदों को कंबल आदि का वितरण किया जाता है। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आईटीआई प्रांगण में प्रतिदिन निशुल्क ट्यूशन एवं शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, गौ सेवा के लिए कार्य किया जा रहा है, इस तरह के सेवाकार्य निरंतर चलते रहते है। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष हेमंत शर्मा, सचिव राजेश पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. जुगलकिशोर राठौर, जगदीश परिहार, जगदीश सिरोलिया, रमेशचंद्र चौधरी, सुनील पाल, मंजु दांडे, सोनू दांडे आदि उपस्थित थे। आभार जगदीश परिहार ने माना।

# राज्य स्तरीय एडवांस स्काउट गाइड कैंप बालाघाट में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



राज्य स्तरीय स्काउट गाइड एडवांस एवं बेसिक शिविर का आयोजन बालाघाट जिले के जिला प्रशिक्षण केंद्र वारासिवनी में 10 से 16 दिसंबर तक आयोजित किया गया जिसमें देवास जिले के स्काउट मास्टर बी योगेश तिवारी,कमल सिंह राजपूत, प्रेम सिंह राजपूत, दिनेश गोस्वामी व अनिल चौहान ने सहभागिता की। सात दिवसीय प्रशिक्षण में प्रातः 6:30 बजे योग से रात्रि 10:00 बजे तक अलग-अलग गतिविधियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिससे बच्चों मे देश भक्ति, सेवा कार्य, सेवा कार्य, स्वच्छता, सहयोग, अनुशासन,पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ जीवन जीने की कला जैसे विशिष्ट गुणो को सिखाया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त होने पर डीईओ हरि सिंह भारतीय डीओसी मनोज पटेल, जिला अध्यक्ष मनोज जोशी, जिला सचिव जितेंद्र मंडलोई, मनोज उपाध्याय, अश्विन घोरपडे बी, आर सी कय्युम बनारसी, बीईओ एनपी सिंह, संकुल प्राचार्य महेश गोस्वामी, वासुदेव जोशी, संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयीन शिक्षकों प्राचार्य प्रकाश चंद्र डाबी डाबी, प्राचार्य अनंत नगर ने शुभकामनाएं दी एवं हर्ष जताया।

# पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास के इको क्लब द्वारा महाविद्यालय की आईक्यूऐसी के साथ मिलकर पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता के लिए नाटक का आयोजन महारानी राधाबाई कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रतन सिंह अनारे के मार्गदर्शन में किया गया।

इको क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने नाटक के माध्यम से शासकीय विद्यालय के छात्र छात्रों को स्वच्छता का संदेश दिया।साथ ही दोनों महारानी राधाबाई शासकीय विद्यालय के शिक्षकों ने उपस्थित छात्र छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए व्याख्यान दिया।इको क्लब प्रभारी जितेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि नाटक निखिल मालवीय,तनुजा राठौर ,कुमकुम राजपूत ,खुशबू लोधी,ईश्वर लोधी ,गौतम गोस्वामी ,विधि सवरकर ,बबली फतरोड,मुस्कान लोधी,नेहा लोधी, ,आरती गहलोत ,प्रियंका राठौर,संजना लोधी आदि द्वारा किया गया।

### विधायक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेताओं को मिलेगा हेलीकॉप्टर में सफर का मौका

# विधायक सोनकर इंदौर से ओंकारेश्वर तक करवाएंगे सफर





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

मध्य प्रदेश में पहली बार किसी विधायक द्वारा विद्यार्थियों को हेलीकॉप्टर में सफर कराने की अनूठी पहल की जा रही है। सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश सोनकर की प्रेरक सोच के तहत आयोजित विधायक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में चयनित प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को इंदौर से ओंकारेश्वर तक हेलीकॉप्टर द्वारा यात्रा करवाकर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे।


अभ्युदय मध्य प्रदेश की भावना को साकार करने एवं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से इस अभिनव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 18 से 20 हजार विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सोनकच्छ विकासखंड के 22 विद्यालय एवं टोंकखुर्द विकासखंड के 18 विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर पर संपन्न हुई, जिसके चयनित विद्यार्थी विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए।विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को भौरासा स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत निबंध लेखन, भाषण, तात्कालिक भाषण, प्रश्न मंच एवं एकल गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई।

निबंध एवं भाषण के विषय आत्मनिर्भर भारत, नवाचार, भारतीय संस्कृति एवं स्टार्टअप संस्कृति में युवाओं की भागीदारी रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा ने की। विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह ठाकुर, डॉ. रूप सिंह नागर, रमेश चंद्र हेड़ा एवं विद्यालय की प्राचार्य नीता शर्मा उपस्थित रहे।इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास और सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम है।

सोनकच्छ क्षेत्र का हर बच्चा प्रतिभावान है, जरूरत है तो केवल सही मंच और अवसर की। यह पहल एक सशक्त, शिक्षित और संस्कारित युवा पीढ़ी के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को हेलीकॉप्टर यात्रा, जबकि द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन आकाश जैन द्वारा किया गया।

# नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष यादव का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

हाल ही में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के समस्त ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है जिसमे भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए मिथुन यादव, को मनोनीत किया गया। शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर नगर कांग्रेस के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ साफा बांधकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजी राम यादव, दिनेश यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व सेवा सहकारिता अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, पार्षद भादर सिंह भाटिया, कैलाश ठाकुर ,संदीप चावड़ा, प्रकाश मंत्री, महेश जायसवाल, मूलचंद उस्ताद, गणेश टेलर,देवी सिंह लोधी, अफजल मंसूरी, निसार मंसूरी, राजा खान, बच्चु भाई मैंव , अनिल जायसवाल, इलियास पठान, सोहेल चिश्ती, ब्रजमोहन राठौर, ग्रामीण से कांतिलाल यादव, पंडा सितखेडी, चरण सिंह, दीपक जाट, अमर सिंह यादव, राजेंद्र यशोना, धर्मेंद्र राजपूत, जितेंद्र भलाई, रविश गुर्जर, अर्जुन गुर्जर, सरदार भाई, दिनेश मालवीय, धर्मेंद्र यादव, मुन्नालाल यादव आदि कार्यकर्ताओ ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत किया। वही इस अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### संत निरंकारी सत्संग आज

**ललितपुर।** निरंकारी सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज द्वारा निरंकारी सत्संग का आयोजन संत निरंकारी शाखा मंडल ललितपुर द्वारा ब्रह्मज्ञानी संत ज्ञान प्रचारक ज्ञानेश्वर (देहरादून) के सानिध्य में आयोजित होगी। सत्संग की जानकारी देते हुए शाखा संयोजक वीरेंद्र कुमार एवं मीडिया सहायक मानसिंह ने बताया कि निरंकारी सत्संग का आयोजन 21 दिसंबर को अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन, प्राथमिक विद्यालय के पास, खिरक्रापुरा बाई पास रोड ललितपुर में किया जायेगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से सत्संग में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### व्यक्ति से पकड़े रसभरी के 28 क्वार्टर

**ललितपुर।** नेहरू नगर चौकी पुलिस ने एक कैंसर पीड़ित व्यक्ति के पास से भारी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल, नेहरू नगर चौकी प्रभारी अंकित कौशिक अपने हमराह आरक्षी योगेन्द्र कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी जैकेट में देशी शराब को छिपाकर रेलवे लाइन किनारे से जा रहा है और कहीं बेचने की फिराक में है। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे और ओवरब्रिज के बने पिलर के पीछे छिपकर संदिग्ध व्यक्ति का इंतजार करने लगे। कुछ ही समय पश्चात एक व्यक्ति वहां से गुजरा जो कि जैकेट पकड़े हुये था। पुलिस ने तत्काल उसे पकड़ लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम पतरूआ माता मंदिर के पास निवासी आनन्द कुमार पुत्र आशाराम अहिरवार बताया। पुलिस ने उसके पास से एक गत्ते में 28 टेट्रा पैक देसी शराब रसभरी मार्का बरामद किया गया। आनन्द कुमार ने पुलिस को बताया कि वह कैंसर से ग्रसित है और शराब बेचकर अपना गुजरा कर रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### पानी की टिक्की लेने गई किशोरी लापता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 17 दिसम्बर को शाम करीब 5 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से पानी की टिक्की लेने गयी हुयी थी, जिसके बाद से वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी। जिस पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि उसने घर में देखा तो उसकी पुत्री का स्कूल बैग, एक की-पैड मोबाइल मिला, जिसमें सिम नहीं थी। उक्त मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति का मोबाइल नम्बर डायल था। उक्त नम्बर पर उसने काफी सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं लगा। अब पीड़ित ने अपनी पुत्री की जानमाल को खतरा बताया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कोर्ट में आए युवक से मारपीट की

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम सैदपुर के मजरा मुडिया में रहने वाले जानकी प्रसाद पुत्र भुजवल ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पत्नी से न्यायालय में भरण-पोषण का मुकद्दमा विचाराधीन हैं। यहां 20 दिसम्बर को वह कोर्ट में तारीख पर आया था, जहां उसकी पत्नी भी हाजिर थी। आरोप है कि तारीख करके जब वह अपराह्न 1 बजे कचहरी चौराहा पहुंचा तो वहां पत्नी व उसके साथ आया सैदपुर का एक युवक ने उसे रोका और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग उठायी है।

### नरयावली घटना के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**गुलाबगंज।** नरयावली थाने के चांदामऊ गांव में लव जिहाद एवं आगजनी की घटना के विरोध में शुक्रवार को गुलाबगंज तहसील कार्यालय में चिढ़ार समाज सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया कि फहीम खान नामक युवक द्वारा एक युवती को धमकाने के बाद उसके घर में आगजनी की गई।

---

### डीएम ने चकबंदी प्रक्रिया की समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने व बंदोबस्ती सुधारने का कहा

# कब्जा परिवर्तन ग्रामों के चक मार्गों पर मनरेगा योजना से मिट्टी डलवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में चकबंदी प्रक्रियारत ग्रामों की कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बताया गया कि वर्तमान में 77 ग्राम चकबंदी प्रक्रियान्तर्गत गतिमान हैं, इनमे से इस वर्ष धारा-7 के अंतर्गत 19 ग्रामों में सर्वे/तरमीम का कार्य, धारा-8 के अंतर्गत 11 ग्राम, धारा-9 के अंतर्गत 09 ग्राम, धारा-10 के अंतर्गत 03 ग्राम, धारा-20 के अंतर्गत 03 ग्राम , धारा 23 के अंतर्गत 03 ग्राम, धारा-24 के अंतर्गत 04 ग्रामों का कार्य पूर्ण किया है, वर्तमान माह दिसम्बर में 02 ग्राम छिल्ला और विजेपुरा का धारा-9 पूर्ण किया गया है। साथ ही वर्तमान में 37 वर्ष पुराने ग्राम नाराहट तहसील पाली, के साथ अन्य 05 ग्राम- मोगान, बरोदी नकीब, मऊमाफी, छायन, सूरीकलां इस प्रकार कुल 06 ग्राम में चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण होने की ओर है उक्त सभी ग्रामों का धारा-52 मार्च 2026 तक चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए किया जाना है। अवशेष 24 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रियाएं जनपद मे लेखपालगण की कमी के कारण बाधित हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने



चकबंदी प्रक्रिया अन्तर्गत जनपद के 77 ग्रामों व उनके मजरों में चकबंदी कार्यों की प्रति की

एक-एक कर समीक्षा की, जिसमें ग्राम सतौरा, सौजना, जलन्धर, खोखरा सहित अन्य ग्रामों में चकबंदी कार्य की खराब प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बंधित चकबंदी अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गए कि जिन ग्रामों में कब्जा परिवर्तन का कार्य पूर्ण हो चुका है उन ग्रामों में निर्मित सेक्टर मार्ग/चकमार्ग पर मनरेगा योजना के अंतर्गत मिट्टी डलवाने हेतु ऐसे चक मार्गों की सूची सीडीओ को उपलब्ध करायें, ताकि सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा उनके क्षेत्रान्तर्गत ऐसे चक मार्गों पर मिट्टी डलवाने का कार्य कराया जा सके। उन्होंने बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि वह चकबंदी आयुक्त को पत्र प्रेषित करें। बैठक में एडीएम न्यायिक/उप संचालक चकबंदी अशोक कुमार यादव, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार, डीआईओ, पेशी कानूनगो पुष्पेन्द्र कुमार गौतम, फरहत अहमद, अरविंद कुमार, मसूद अहमद, मो.आजम, रामचंद्र मौर्या, मसूद सेरवानी तथा सभी क्षेत्रों में तैनात सहायक चकबंदी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

### भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई के जन्मशताब्दी समारोह की कार्यशाला हुई

# अटल जी के राष्ट्र विषयक प्रथम मूल्यों को याद कर 25 से 31 तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी वर्ष के जन्म सप्ताह को बड़े धूमधाम से मनाने की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने की एवं संचालन जिला मीडिया प्रभारी कार्यक्रम सहसंयोजक देवेन्द्र गुरु ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में इस कार्यक्रम के जिला संयोजक प्रदीप चौबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने आज की आयोजित जिला कार्यशाला के सम्बन्ध में प्रस्तावना रखी । तत्पश्चात कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं मुख्य वक्ता प्रदीप चौबे ने कहा कि हमारे उच्च नेतृत्व ने इस वर्ष भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी बर्ष में उनका जन्मोत्सव बूथ स्तर तक मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई के सोच की प्रगति की दिशा में अन्तिम सीढ़ी तक खड़ा व्यक्ति होता था और इसी के तहत उन्होंने मात्र पांच सौ की आबादी तक के छोटे मजरों तक के लिए प्रधानमंत्री सड़क निर्मित करायीं थी ताकि सब जगह सड़कों का जाल विछ सके। उन्होंने कहा कि हम लोग मा अटल जी के जन्मदिन से पूर्व सन्ध्या पर उनसे जुड़े स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलायेंगे और दीप जलायेंगे। उन्होंने




कहा कि अटल जी की स्मृति में दोनों विधानसभाओं में वृहद सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। हम लोग अटल जी की राजनैतिक यात्रा और उनके सुशासन में योगदान का उत्सव, उसके बुनियादी ढांचा, विदेश नीति,और जनकल्याण के महत्वपूर्ण सुधार की चर्चा करेंगे। अटल जी की विरासत, कार्यकर्ताओं को संगठित कर पार्टी को मजबूत वनाने की नीति पर चर्चा करने का काम भी किया जायेगा।

अटल जी के राष्ट्र विषयक प्रथम मूल्यों को याद कर पच्चीस से इकतीस दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला स्तर पर अटल जी के जीवन से सम्बंधित प्रदर्शनी लगायी जायेगी यह प्रदर्शनी जो आमजन के अवलोकनार्थ सप्ताह भर तक लगी रहेगी। इसके अलावा उनके जन्मदिवस पर हर बूथ पर उनके चित्र के साथ उनका जन्मदिवस मनाया जायेगा। कवि सम्मेलन, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन चौबीस दिसम्बर से इकतीस दिसम्बर तक किया जाएगा।इस सप्ताह में अटल जी को लेकर संपादकीय लेखन,ब्लोंकिंग,यू ट्यूब कंटेंट विभिन्न लोगों से करवाने को प्रेरित किया जायेगा। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और बरिष्ठ जनों द्वारा विभिन्न अखबारों में अटल जी से सम्बंधित आलेख लिखवाये जायेंगे।अटल जी की विरासत पर आज की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर सोशल मीडिया पर पोस्ट डलवाने का काम किया जायेगा। इसके अलावा और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मा अटल जी की याद में सदरकांटे के पास जिला पंचायत द्वारा पार्क निर्माण एवं मा अटल जी की मूर्ति लगवाई जायेगी।इस अवसर पर नगर पंचायत महरौनी अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यन्त बड़ौनिया ने जानकारी दी ,कि महरौनी में टीकमगढ़ रोड पर नगर पंचायत दो करोड़ रुपए की लागत से में माननीय अटल जी के नाम पर पार्क और उनकी मूर्ति लगवाने का काम करने जा रही है ।

जिला महामंत्री बलराम सिंह लोधी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यालय मंत्री अवतार सिंह लोधी की अगुवाई में सामूहिक राष्ट्रगान का गायन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रदीप चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बलराम सिंह लोधी, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया,बरिष्ठ नेता हरीराम राजपूत, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया,प्रांतीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय, लक्ष्मी रावत, कार्यक्रम सहसंयोजक घनश्याम दास साहू, देवेन्द्र गुरु, क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र कुमार गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष आशीष रावत,धर्मेन्द्र कुमार पाठक, बसंती लारिया,किरण सैन, सुशील अग्निहोत्री गुड्डू, जिला मंत्री गण रमेश कुशवाहा नझाई, रजनी अहिरवार, गौरव चौधरी, धर्मेश द्विवेदी, डा राजकुमार विश्वकर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डा दीपक चौबे, सुरेश कोंते,कार्यालय मंत्री अवतार सिंह लोधी, संदीपसिंह बुन्देला, रुचिका बुन्देला, मनविंदर कौर, अभिलाषा राय, मोर्चा अध्यक्ष गण सुरेश टोंटे, नासिर मंसूरी, सुरेन्द्र प्रताप रजक, मण्डल अध्यक्ष गण भगत सिंह राठौर,वृजेश सिंह राजपूत, आशीष त्रिपाठी,कृपाल सिंह लोधी,नीरज पटैरिया, रामस्वरूप निरंजन, सोबरन सिंह लोधी, दीपेंद्र सिंह लोधी, रामकिशन राजपूत आदि मौजूद रहे।

---

### बछरई में युवक का शव मिला था

# हत्या के दूसरे दिन भी आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल सका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नाराहट थानान्तर्गत ग्राम बछरई में बीते शुक्रवार को 27 वर्षीय दीपक प्रजापति का शव कमरे में पलंग पर मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला दबाना बताया गया है। मृतक के चेहरे पर आंख के पास और कंधे पर चोट के हल्के निशान भी पाए गए हैं। पिता की तहरीर पर मृतक के दोस्त राम अवतार निरंजन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें गठित की गई हैं, लेकिन दूसरे दिन भी आरोपी का कोई पता नहीं चल सका है। मृतक के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि हत्यारोपी उसके बेटे का मोबाइल और पैसे भी ले गया है। नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम बछरई निवासी दीपक प्रजापति दस दिन पहले दिल्ली से मजदूरी कर गांव लौटा था। वह अपने साथ पैसे भी लाया था। घर पर अकेला होने के कारण वह पिछले तीन दिनों से गांव के निवासी अपने दोस्त रामावतार के साथ लगातार शराब पी रहा था। 18 दिसंबर की शाम 7 बजे दीपक शराब पार्टी करने के लिए रामावतार के घर गया था। अगले दिन, 19 दिसंबर को, जब उसकी मां रामसखी दिल्ली से मजदूरी करके गांव लौटीं और दीपक को खोजते हुए रामावतार के घर पहुंचीं, तो उन्हें दीपक का शव पलंग पर पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार, हत्यारोपी रामावतार ने कथित तौर पर दीपक का पहले तौलिये से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने दीपक के चेहरे पर तकिया, टायर, पत्थर और लकड़ी की मयारी रख दी थी। मृतक के पिता मुन्ना लाल ने बताया कि उनके दो बेटे थे। एक बेटे की मौत आठ साल पहले एक दुर्घटना में हो गई थी, और अब दूसरे बेटे की हत्या कर दी गई है। दीपक के दो बेटियां और एक बेटा है, जो वर्तमान में अपनी मां के साथ छिंदवाड़ा गए हुए हैं। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में गहरा शोक है।

### युवती ने भाई के दोस्त पर लगाए आरोप

ललितपुर। शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके भाई का दोस्त गल्ला मंडी के पीछे कांशीराम कालोनी में रहने वाला शिवपूजन अहिरवार उसे बिना कारण बदनाम कर रहा है और झूठा इल्जाम लगा रहा है। बताया कि जब वह अपने परिवार के साथ कहीं घूमने गयी तो वहां भी आ गया और साथ में फोटो निकाल ली, जिसे लेकर वह बदनाम कर रहा है। इतना ही नहीं यह भी आरोप है कि अब वह उसके भाई के काम के पैसे उसके भाई के फोन पे पर डाले तो कहा कि उसने पैसे दिया है और गलत बात कर रहा है। युवती ने बताया कि वह मानसिक रूप से डिप्रेशन में है। पीड़िता ने बताया कि शिवपूजन उसके भाई को भी जान से मारने की धमकी दे रहा है और रुपये मांगते हुये ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस ने युवती की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### आरोप है दुकान नहीं खोलने दे रहे

# पड़ोसी दबंग भाइयों से प्रताड़ित दुकानदार कई बार हमला कर धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** दबंग भाइयों की जोड़ी इन दिनों आस-पड़ोस के दुकानदारों के लिए खासी मुसीबत बनी हुयी है। पड़ोसी दुकानदारों से मारपीट कर धमकाना, दुकान नहीं खोलने देना और ग्राहकों को बहकाने जैसे मामले आम हो गये हैं।

इन्हीं कारणों से परेशान होकर पड़ोसी दुकानदार ने दबंग भाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। शहर क्षेत्र के इलाइट चौराहा, एलआईसी के पास रहने वाले रामविशाल राय पुत्र राजधर राय ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह सीमेंट सीट, लोहा आदि का क्रय-विक्रय करता है। बताया कि निकटवर्ती ग्राम रोंडा निवासी रमेश राय पुत्र राजधर राय, अजय राय व अभि राय पुत्रगण रमेश राय की दुकान है। आरोप है कि उक्त दोनों भाई दबंगई के चलते उसे दुकान नहीं खोलने दे रहे हैं और गुण्डागर्दी के बल पर गालियां देते हुये विवाद करते रहते हैं। यह भी आरोप है कि दुकान पर आने वाले ग्राहकों को जबरन बुला लेते हैं, जिससे मना करने पर विवाद करते हैं, जिससे ग्राहक भी चले जाते हैं।

बताया कि 15 अक्टूबर को उसके द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी दी, उक्त लोगों द्वारा की गयी गालियां व विवाद का वीडियो भी पीड़ित के पास पेन-ड्राईव में है। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी आपराधिक किस्म के लोग हैं, उक्त दबंगों से पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताते हुये कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त दबंगों के भय से उसे अपना निवास भी खाली करना पड़ा और कई बार डायल 112 पर फोन कर पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### पूर्ति निरीक्षक ने की छापेमार कार्रवाई

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर का होटल में उपयोग, मालिक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर में संचालित होटलों व रेस्टोरेंटों पर घरेलू सिलेण्डरों के धड़ल्ले से हो रहे उपयोग के खिलाफ पूर्ति विभाग ने कार्यवाही की है। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षकों की टीम ने छापेमार कार्यवाही करते हुये स्टेशन के पास स्थित पाराशर भोजनालय से तीन घरेलू सिलेण्डर बरामद किये हैं।

होटल पर उपयोग किये जा रहे घरेलू सिलेण्डर को लेकर पूर्ति निरीक्षक ने होटल मालिक पर एफआईआर दर्ज करायी है। लगातार मिल रहीं सूचनाओं के आधार पर जिला पूर्ति निरीक्षक के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक हेमन्त कुमार जोशी, पूर्ति निरीक्षक दीपक जैन व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बहादुर सिंह की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित पाराशर होटल में निरीक्षण किया। मौके पर होटल के उस्ताज गुल्ले पुत्र रामप्रसाद रैकवार से मालिक की जानकारी ली गयी। कुछ समय पश्चात होटल मालिक मनीष पाराशर पुत्र ओमप्रकाश होटल आ पहुंचे। टीम ने होटल में घरेलू एलपीजी गैस का व्यवसायिक उपयोग होता पाया गया। घरेलू गैस सिलेण्डरों के कागजात भी होटल मालिक नहीं दिखा सके और कोई संतोषजनक उत्तर नहीं था। टीम ने होटल से तीन घरेलू एलपीजी सिलेण्डर बरामद कर सिविल लाइन स्थित भारत गैस एजेन्सी को सुपुर्द किये। टीम के पूर्ति निरीक्षक दीपक जैन की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पाराशर होटल के मालिक मनीष के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### सेवा समिति की बैठक हुई

# सेन समाज का द्वितीय मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह आज होगा

**ललितपुर।** जननायक कर्पूरी ठाकुर सेवा समिति उ.प्र. की एक बैठक प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन पत्रकार के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्ष राकेश कुमार सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में 21 दिसम्बर को सेन समाज के द्वितीय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार कर अन्तिम रूप दिया गया।

कार्यक्रम को भव्यता के साथ सम्पन्न कराने की तैयारी पूर्ण कर रूपरेखा तय की गयी। कार्यक्रम का आयोजन स्टेशन रोड स्थित ललित पैलेस के ग्राण्ड सिद्धि में किया गया है, जो कि अपराह्न 1 से शाम 6 बजे तक सम्पन्न होगा। प्रदेश अध्यक्ष घनश्यामदास सेन ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। यह आयोजन सेन समाज के मेधावियों के सम्मान, उत्साहवद्र्धन और उनकी कामयाबी की पृष्टभूमि प्रगतिशील कार्य की सराहना के लिए आयोजित किया जा रहा है। बैठक में हेतराम सविता, हरीराम ओमरे, कन्हैयालाल आर्य, देवेन्द्र कुमार सेन, जगदीश शरण याज्ञिक, श्रीराम सेन, कन्हैयालाल सेन, सुखलाल सेन, राकेश कुमार सेन, मुकेश कुमार सेन, घनश्यामदास सेन, रघुवीर सेन, प्रभुदयाल सेन, हरगोविन्द सेन, गिरीश सविता, रामबाबू याज्ञिक, मनीष याज्ञिक एड., सीताराम सेन, जमना प्रसाद सेन, दर्शन बड़ौनिया, जगभान सेन, अरविन्द कुमार सेन, प्रमोद कुमार सेन, विनोद नापित, अशोक सेन, पुष्पेन्द्र सेन, कैलाश नारायण सेन, सूर्य प्रकाश सेन, महेन्द्र सविता, पूरनलाल सेन, अनूप सेन, रविशंकर सेन, अवतार सेन, आशाराम सेन, राममूर्ति सविता, प्रकाश नारायण सेन आदि मौजूद रहे।

---

### गुमशुदगी अंकित की गई थी

# तालबेहट व जखौरा थाना पुलिस ने लोगों को लौटाए खोए फोन



ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट व थाना जखौरा पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे, खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना तालबेहट व थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना तालबेहट द्वारा 02 अदद तथा थाना जखौरा द्वारा 02 अदद गिरे हुए, खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तालबेहट मनोज मिश्रा व जखौरा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

---

### जय हिंद क्लब ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा

# अरावली पर्वत पर अवैध खनन से बिगड़ जाएगा प्राकृतिक रवैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विगत दिनों में सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पर्वत माला में सौ मीटर से ऊपर पर्वतों को अरावली पर्वत माला में रखा है।

सौ मीटर से कम पर्वतों को अरावली पर्वत माला के पर्वत नहीं माना है, जिन पर्वतों को अरावली पर्वत माला का हिस्सा नहीं माना गया। वैसे पर्वत 90 से 92 प्रतिशत हैं जिनको सरकार चाहे तो आधिकारिक तौर पर खनन करने की अनुमति दे सकती है, जिससे कि उत्तर भारत का प्राकृतिक संतुलन बिगडन्े की पूरी उम्मीद है। इसी गंभीर चिंता के बादल मंडरा रहे हैं, अगर अरावली पर्वत माला का खनन होना शुरू हो गया तो रेगिस्तान की गर्म हवा और रेत उत्तर



भारत के राज्यों को अपने चंगुल में ले लेगी और दिल्ली जो कि देश की राजधानी है। आने वाले समय में रेगिस्तान का रूप ले लेगी इस गंभीर विषय पर चिंतन कर जय हिंद क्लब ललितपुर के तत्वाधान में सेव अरावली ट्रस्ट की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उप जिलाधिकारी सदर के जरिए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान राम प्रताप, मोंटी शुक्ला, अंकित यादव, आयुष शर्मा, पंकज श्रीवास, चरण सिंह, पंकज रैकवार, अनमोल कुशवाहा आदि शामिल रहे।

---

### राजघाट लौट रहा था

# मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल उपचाररत युवक की हुई मौत

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी राजघाट के प्रेमनगर निवासी राजकुमार पुत्र बल्देव प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 दिसम्बर को उसका 31 वर्षीय पुत्र प्रवीण पड़ोस में रहने वाले आशीष पुत्र सोमसिंह, कप्तान पुत्र प्रीतम के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 5352 से ललितपुर में निमंत्रण करके राजघाट लौट रहा था। वह जैसे ही थनवारा बस स्टेण्ड के पास पहुंचा, तभी रात करीब 8.30 बजे सामने से आ रही मोटर साइकिल संख्या एम.पी. 36 एम.आई. 8821 को एक अज्ञात व्यक्ति ने तेजी व लापरवाही से आया और उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय कप्तान सिंह बाइक चला रहा था, जबकि उसका पुत्र प्रवीण व आशीष पीछे बैठे हुये थे। इस घटना में कप्तान सिंह के पैर में मोच आ गयी और प्रवीण व आशीष गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को प्रेमनगर निवासी मदन पत्र अरविन्द ने अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्रवीण की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान 5 दिसम्बर को प्रवीण की मृत्यु हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सौजना पुलिस ने वांछित पकड़ा

ललितपुर। सौजना थाना पुलिस ने दर्ज मुकद्दमा 200/2025 धारा 137(2), 65(1), 87 बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना बड़ागांव ग्राम ककरवाहा के मोहल्ला वीरनगर निवासी राजू उर्फ भज्जू कुशवाहा पुत्र खज्जू कुशवाहा को हिरासत में लिया है।

### ई-केवायसी नहीं करवाई तो आपके घर रुक सकती है गैस सिलेंडर सप्लाई

# 11 हजार गैस उपभोक्ताओं की ई-केवायसी पेंडिंग, अंतिम तिथि 31

**खास-खास**

| | |
|---|---|
| राजगढ़ क्षेत्र में कुल उपभोक्ता : | 23835 |
| ई-केवायसी पूर्ण : | 12808 |
| पेंडिंग कनेक्शन : | 11027 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़





पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा सभी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को काफी पहले से निर्देश दिए हुए हैं कि वे संबद्ध गैस एजेंसियों से जुड़े उपभोक्ताओं की ई-केवायसी अनिवार्यतः करवा लें। मंत्रालय द्वारा ई-केवायसी की अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर निर्धारित की हुई है। अकेले राजगढ़ नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो सिर्फ 50 प्रतिशत गैस उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी ई-केवायसी पूर्ण करवाई है। शेष उपभोक्ताओं की ई-केवायसी अभी तक नहीं हो पाई है। एचपी सहित अन्य एजेंसियों द्वारा ग्राहकों से लगातार अनुरोध व अपील की जा रही है कि वे नजदीकी डीलर के दफ्तर पहुंचकर या निर्धारित एप्लीकेशन पर अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी करवा लें। बावजूद इसके गैस उपभोक्ता इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अब चूंकि, ई-केवायसी कार्य करवाने की अंतिम तिथि में महज 12 दिन शेष रह गए हैं अगर आपने यह काम नहीं निपटाया तो अपने घरों में एलपीजी गैस की सप्लाई रुक सकती है। हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि अंतिम तिथि में बढ़ोतरी संभव है।

#### इसलिए अनिवार्य की गई है ई-केवायसी

पेट्रोलियम मंत्रालय ने फर्जी कनेक्शनों पर रोक लगाने सहित अन्य उद्धेश्यों को लेकर प्रत्येक एलपीजी कनेक्शन उपभोक्ता के लिए ई-केवायसी करवाना अनिवार्य किया है। उक्त कार्य करीब 1 साल से चल रहा है बावजूद इसके गैस उपभोक्ताओं इस काम में लेट-लतीफी कर रहे हैं। अब चूंकि, अंतिम तिथि 31 दिसंबर में महज 12 दिन शेष रह गए हैं ऐसे में एलपीजी गैस वितरकों द्वारा अपने उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे यह ई-केवायसी को आवश्यक रूप से पूर्ण करवा लें।

#### एप के माध्यम से भी किया जा सकती है ई-केवायसी

अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी दो तरह से की जा सकती है। एक तो आप स्वयं अपने वितरक के दफ्तर पहुंचकर अपने आधार और मोबाइल नंबर को गैस कनेक्शन नंबर से लिंक करवा सकते हैं। दूसरे यह प्रक्रिया ऑनलाईन भी पूरी की जा सकती है। इसके लिए उपभोक्ताओं को गूगल प्ले स्टोर से 'एचपीपे' ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप डाउनलोड करने के उपरान्त स्क्रीन पर ई-केवायसी की लिंक नजर आएगी। इस लिंक पर आवश्यक जानकारियां भरकर ई-केवायसी कार्य पूर्ण किया जा सकता है।


**उपभोक्ताओं से अपील**

हम सभी गैस उपभोक्ताओं अपील करते हैं कि वे एजेंसी आकर या ऑनलाईन एप के जरिए अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी करवा लें। इस कार्य की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित है।

अजय सिंह, संचालक, वीनस गैस एजेंसी, राजगढ़

### दैनिक वेतन भोगी से क्यों नहीं वसूल रहे निकाली राशि

# वेयरहाउस में अनियमितता पर लगाम


मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन
क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल
क्रमांक2803/मप्रवेलॉका/स्थापना/2025-26 भोपाल, दिनांक :16/12/2025
प्रति,
श्रीमती दीप्ती सिंह क०स०(शा०प्र०)
मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन,
शाखा ब्यावरा।
विषय :- श्री शिवमान सिंह दैनिक कुशल श्रमिक शाखा ब्यावरा को राजगढ़ भेजने बावत्।
--00--
उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपकी शाखा पर पदस्थ श्री शिवमान सिंह दैनिक कुशल श्रमिक को शाखा राजगढ़ पर कार्यालयीन कार्य की अधिकता को दृष्टिगत रखते हुए शाखा राजगढ़ भेजने हेतु शाखा स्तर से निर्देशित कर इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
क्षेत्रीय प्रबंधक
भोपाल
क्रमांक2803/मप्रवेलॉका/स्थापना/2025-26 भोपाल, दिनांक :16/12/2025
प्रतिलिपि :-
1.अतिरिक्त प्रबंध संचालक,म०प्र० वेअरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन,प्रधान कार्यालय भोपाल।
2.शाखा प्रबंधक, म०प्र० वेअरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, शाखा राजगढ़। आप श्री शिवमान सिंह दैनिक कुशल श्रमिक को शाखा राजगढ़ पर कार्यालयीन कार्य हेतु उक्त पत्र प्राप्ती की दिनांक से रखने की कार्यवाही कर इस कार्यालय को सूचित करें।
3. संबंधित की फाईल में नस्ती हेतु।
क्षेत्रीय प्रबंधक
भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आउटसोर्स से ब्यावरा वेयरहाउस में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति के बाद दैनिक श्रमिक के तौर पर अपनी पहचान बनाने बाले शिवमान सिंह ने ब्यावरा शासकीय वेयरहाउस में लाखों रूपए का घोटाला कर दिया और अधिकारियों को पता ही नहीं चला। अपने लोगों को बिना काम किए आउटसोर्स कंपनी जोडकर उन्हें बिना काम किए कई सालों तक अवैध रूप से वित्तीय लाभ पहुंचाया है। इस बात की पुष्टि कलेक्टर डॉ मिश्रा द्वारा दिए गए आदेश के बाद की गई जांच टीम ने कर दिया। इसी जांच पर संज्ञान लेते हुए वेयरहाउस कार्पोरेशन ने भी शिवमान को दोषी मानते हुए उसे ब्यावरा वेयरहाउस से हटा दिया है।

#### क्या सरकारी पैसे की लूट करने वाले पर होगी रिकवरी की कार्रवाई

यक्ष प्रश्न यह है कि जहां विभाग ने शिवमान सिंह पर आरोप साबित होने के बाद उसे ब्यावरा वेयरहाउस से हटा दिया। परंतु क्या सालों आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन फर्जी तरीके से निकालने वाले शिवमान से विभाग अवैध तरीके से निकाले गए पैसों की रिकवरी करेगा।

#### दैनिक वेतनभोगी का अटेचमेंट क्यों ?

लाखों रूपए की अनियमितता करने वाले इस कंप्यूटर ऑपरेटर का अटेंचमेंट क्यों किया गया इसको हटाने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इसकी सेवाएं समाप्त क्यों नहीं की गई क्या विभाग इस तरह के घोटालों की पुनरावृत्ति देखना चाहता है।

**इनका कहना है...**

विभाग ने अनियमितता करने वाले कर्मचारी पर विभागीय कर्रवाई कर दी है उन्हें यहां से हटा दिया गया है।

दीप्ति सिंह, प्रबंधक ब्यावरा वेयरहाउस

## मिट्टी के स्वास्थ्य और मृदा परीक्षण की दी जानकारी



**लखनवास।** लखनवास संकुल के पीएम शा. मा. विद्यालय में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकासखंड ब्यावरा के द्वारा स्वाईल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना अन्तर्गत पीएम श्री स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वस्थ धरा खेत हरा की थीम पर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययन 50 छात्र छात्राओं का वैच बनाया गया जिसमें छात्र छात्राओं को मिट्टी के स्वास्थ्य एवं मृदा परीक्षण की जानकारी विभाग द्वारा विद्यार्थियों की दी गई तथा विद्यार्थियों की प्रायोगिक कक्षा में मृदा नमूना एकत्रीकरण तथा फसलों के लिए भम्पूर्ण जानकारी से विद्याधियो आवश्यक पोषक तत्वों की सम्पूर्ण को रूबरू करवाया। आईडी बनाकर ऑनलाइन मृदा नमूना एकत्रीकरा की बारीकियाँ विद्यार्थियों के साथ साझा की गई विद्यालय के प्राचार्य केवलसिंह भीलाला के द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित विद्यार्थियों को खेतों की मिट्टी की जांच के लिए सदा नमूना एकत्रिकरण कर विद्यालय में जमा करवाने के लिए सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया।

# वन अमले ने हरियाली के दुश्मनों पर कार्रवाई कर 2 ट्रॉली लकड़ी की जब्त

### खिलचीपुर वन अमले ने मुखबिर की सूचना पर की घेराबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में वन माफियाओं के हौंसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। विगत दिनों मुख्यालय पर ही चोरों ने चंदन के पेड़ चुराने की घटना को अंजाम दिया था। इसके साथ ही जिले के अन्य क्षेत्रों से भी पेड़ों की अवैध कटाई के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, वन विभाग भी पूरी तरह सक्रिय है और सूचना मिलने पर तुरंत वन माफियाओं पर कार्यवाहियां की जा रही हैं।

इसी कड़ी में खिलचीपुर वन अमले की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के उपरान्त दो टैक्टर-ट्रॉलियों से भारी मात्रा में बबूल की लकड़ियां बरामद की है। मामले में दोनों वाहन के चालकों पर वन उपज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार खिलचीपुर वन विभाग को सूचना मिली थी कि सोनखेड़ा के आसपास से बबूल की लकड़ियां काटकर उन्हें भ्याना तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने संबंधित स्थान पर घेराबंदी की तो सामने से दो टैक्टर-ट्रॉली आते नजर आए। वाहनों के चालकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उन्हें पकड़ लिया। बॉक्सः दो लोगों पर बॉक्सः साढ़े 4 घन मीटर लकड़ियां की गई जब्त दोनों ट्रॉलियों से करीब साढ़े 4 घनमीटर बबूल की लकड़ियां जब्त की गई हैं। अवैध परिवहन कर रहे टैक्टर के चालकों सईद एवं सरफराज पर वन उपज अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। वन अमले की टीम में ओमप्रकाश दांगी, सुरेश दांगी, राघवेंद्र यादव सहित अन्य शामिल थे।

### नगर में शिव महापुराण से भक्तिमय हुआ नगर

**जीरापुर।** नगर के किशनगढ़ मोहल्ले में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान कथा वाचक पंडित ललित जी नागर (सेंधवा वाले) ने अन्नदान को सर्वश्रेष्ठ दान बताते हुए कहा कि यदि रात्रि में अचानक भूख या प्यास लगे तो यह संकेत हो सकता है कि हमारे पूर्वज तृप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में किया गया दान ही स्वर्गलोक में प्राप्त होता है। पंडित ने महाभारत के कर्ण का उदाहरण देते हुए बताया कि कर्ण ने जीवनभर स्वर्ण व अन्य वस्तुओं का दान किया, लेकिन अन्नदान न करने के कारण स्वर्ग में उन्हें अन्न नहीं मिला और कष्ट भोगना पड़ा। 16 दिनों के लिए मृत्यु लोक में आकर माता कुंती से अन्न-जल ग्रहण करना पड़ा, जिससे सोलह श्राद्ध की परंपरा प्रारंभ हुई। महाकाल ज्योतिर्लिंग को बारह ज्योतिर्लिंगों का केंद्र व जीरापुर नगर आसपास के क्षेत्र के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है।

### पशु धन व दूध हो रहा है अमानक

# सारंगपुर में पशुआहार के नाम शराब फैक्ट्री के कचरे सहित कपास्या खली में मिलावटी ब्रांड का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



क्षेत्र में पशुपालकों को ठगने का धंधा चल रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार नगर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में कुछ नदेबतनचनसवने दुकानदार पशुआहार (एनिमल फीड) के नाम पर यूरिया मिश्रित चारा खुलेआम बेच रहे हैं। यही नहीं, कपास्या खली की थैलियों में भी बड़े पैमाने पर ब्रांड बदलने का खेल चल रहा है, जिससे पशुपालकों को गुणवत्ताहीन और खतरनाक सामग्री दी जा रही है।

जानकारों का कहना है कि मिलावटी पशुआहार में डाली जा रही यूरिया पशुओं के स्वास्थ्य के लिए घातक है। इससे दूध देने वाले पशुओं में बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ जाता है, वहीं दूध की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर भी इसका सीधा असर पड़ता है। सारंगपुर क्षेत्र में कई दुकानदार कम दाम का लालच देकर नकली खली व पशुआहार की बिक्री कर रहे हैं। मूल कंपनी की थैलियों को इकट्ठा कर उनमें घटिया या सड़ी-गली खली भरकर ऊँचे दामों पर बेचा जा रहा है। इस धोखाधड़ी में सप्लायर्स, गोदाम संचालक और खुदरा विक्रेताओं की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय नागरिकों ने समाचार पत्र के माध्यम से कहा कि प्रशासन जल्द छापेमारी कर दोषियों को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि पशुपालकों को राहत मिल सके और मिलावटी चारा माफिया पर अंकुश लगाया जा सके। इस संबंध में फूड अधिकारी से बात की तो बोले अमानक पशु आहार मिल रहा है तो यह काम पशुचिकित्सा अधिकारी का है पशु आहार की क्वालिटी चेक करने का फिर हमारे संवाददाता ने पशुचिकित्सा अधिकारी से पूछा तो बताया कि चेक करने का काम फूड अधिकारी को ही हैं, आखिर अमानक पशु खाद्य सामग्री की ओर कौन ध्यान देगा।

# निरीक्षण में अपडेट नहीं मिले स्वास्थ्य केंद्रों के रिकार्ड

### खजुरिया व बाईहेड़ा स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण पर पहुंचे थे जिलाधीश डॉ गिरीश




**राजगढ़।** जिले की ढुलमुल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार लाने जिला प्रशासन द्वारा तमाम तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा शुक्रवार को बाईहेड़ा एवं खजुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए। खजुरिया में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रसव रजिस्टर की जांच की तो उसमें प्रसव तिथि अंकित नहीं पाई गई।

इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को तत्काल रिकॉर्ड अद्यतन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों का अनमोल एप एवं यू-वीन पोर्टल के ऑनलाइन डाटा से मिलान किया। साथ ही उन्होंने उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि किस माह में कौन-सा टीकाकरण किया जाता है एवं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के लिए आवश्यक हीमोग्लोबिन स्तर क्या होना चाहिए। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित आशा कार्यकर्ता से नवजात शिशु को जन्म के समय लगाए जाने वाले टीकों के बारे में भी जानकारी ली।

#### दवाओं की अनाश्यक मांग पर उठाए सवाल

खजुरिया केंद्र के निरीक्षण में कलेक्टर ने सीएचओ डॉ. अभिषेक जैन से जानकारी लेते हुए ओपीडी रजिस्टर, ऑनलाइन दवा मांग, दवाओं के बफर स्टॉक एवं स्टॉक रजिस्टर के संधारण की जांच की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टियां नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा दवाओं की अत्यधिक मांग किए जाने के कारणों पर सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दवा मांग यथार्थ आवश्यकता के अनुसार की जाए तथा सभी अभिलेखों का नियमित और सही संधारण सुनिश्चित किया जाए।

### पीएम श्री स्कूल में प्रशिक्षण स्वस्थ धरा खेत हरा कार्यक्रम आयोजित

**लखनवास।** लखनवास संकुल के पीएम शासकीय मा. विद्यालय में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकासखंड ब्यावरा के द्वारा स्वाईल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना अन्तर्गत पीएम श्री स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वस्थ धरा खेत हरा की थीम पर आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययन 50 छात्र छात्राओं का वैच बनाया गया जिसमें छात्र छात्राओं को मिट्टी के स्वास्थ्य एवं मृदा परीक्षण की जानकारी विभाग द्वारा विद्यार्थियों की दी गई तथा प्रायोगिक कक्षा में मृदा नमूना एकत्रीकरण तथा फसलों के लिए भम्पूर्ण जानकारी से विद्याधियो आवश्यक पोषक तत्वों की सम्पूर्ण को रूबरू करवाया गया।

# निजी वाहनों पर लगे हूटरों को हटवाने सामने आई कांग्रेस

### इंका जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन के अनुसार निजी वाहनों पर हूटरों का प्रयोग पूरी तरह से गैरकानूनी है। परिवहन विभाग ने भी इस बारे में आदेश जारी किए हुए हैं। इसके बावजूद जिले में कई रसूखदार लोगों, विभिन्न दलों के नेताओं सहित अन्य व्यक्तियों ने अनाधिकृत रूप से अपने निजी वाहनों पर हूटर लगवाए हुए हैं। उक्त मामले को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची के नेतृत्व में कई इंकाजन शुक्रवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने जिले में निजी वाहनों पर लगे अनाधिकृत हूटरों को अभियान चलाकर हटवाने की मांग एसपी अमित तोलानी से रखी। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के तहत अग्निशमन यंत्रों, एम्बुलेंस, सुरक्षा प्राप्त वीआईपी, वायलेट वाहन, दंडाधिकारियों सहित अन्य के वाहनों पर ही हूटर लगे हो सकते हैं। परन्तु, जिले में कईं सत्ताधारी नेता अपने निजी वाहनों पर हूटर लगाकर जनता के सामने रौब झाड़ने में लगे हुए हैं जो नियमों की सीधे-सीधे अनदेखी है। ऐसे में कांग्रेस ने सभी तरह के निजी वाहनों पर लगे हुए हूटरों की हटवाने की मांग पुलिस प्रशासन से रखी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी सहित अन्य इंका पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाई मानव श्रृंखला

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन व नागरिक शिष्टाचार का आयोजन



**ब्यावरा।** जिला मुख्यालय पर संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आज पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक शिष्टाचार की जागरूकता हेतु प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं नागरिक शिष्टाचार समिति राजगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में छात्र-छात्राओं की मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया जिसमें 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्र अपने विद्यालय से बाहर निकाल कर पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक शिष्टाचार के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए हाथों में तख्ती लिए हुए रोड किनारे खड़े हुए थे।

इसमें नगर के सभी विद्यालय के के मेमोरियल स्कूल, कैरियर कान्वेंट स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, संस्कार चिल्ड्रन स्कूल,सीएस अकैडमी,शेफील्ड पब्लिक स्कूल, वीर भगत सिंह स्कूल, दीपक पब्लिक स्कूल, भारतीय विद्या मंदिर, राजेश्वर कन्वेंट स्कूल, प्रखर ज्योति मिडिल स्कूल के साथ शासकीय विद्यालय के छात्र छात्र भी शामिल हुए। बिरसा मुंडा चैराहे पर छात्र-छात्राओं को इस संबंध में उद्बोधन भी दिया गया जिस समाज के अन्य लोगों द्वारा भी सुना गया।

इस अवसर पर तेजेंद्र उपाध्याय, मार्तंड सिंह सोलंकी, राकेश पांडे, महेंद्र सोलंकी,लोकेश शर्मा, महेश दांगी,नरेश लववंशी, महेश पुष्पद, दीपक सोलंकी, अमित शाह, सागर पवार, गजेंद्र निमोदिया शरद शर्मा के साथ विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री मयंक जायसवाल सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा उपस्थित थे।

### नाराज किसानों की शिकायत के बाद कृषि विभाग ने की कार्रवाई

# खुजनेर में निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बेचा, दुकान को महकमे ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



नगर खुजनेर में संचालित पवन कृषि सेवा केंद्र खाद विक्रेता द्वारा यूरिया खाद निर्धारित मूल्य से अधिक दाम में बेचा जा रहा था जिसकी शिकायत किसानों द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों से की पवन कृषि सेवा केंद्र खुजनेर में यूरिया खाद उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिलने से आक्रोश फैल गया व यूरिया खाद की किल्लत एक नई परेशानी बन गई है।

शुक्रवार को खुजनेर के पवन कृषि सेवा केंद्र सहित एक निजी कृषि लाइसेंसधारी दुकान पर किसानों ने हंगामा किया किसानों का आरोप है कि दुकान पर यूरिया खाद होने के बाद भी उन्हें निर्धारित मूल्य पर खाद नहीं दी जा रही थी शिकायत मिलने पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया निरीक्षण के दौरान लाइसेंस क्रमांक 181/2 वैधता 20 जनवरी 21 की दुकान पर अनियमितताएं पाई गईं। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार विक्रेता द्वारा यूरिया का एक बोरा निर्धारित दर से अधिक मूल्य 500 रुपये में बेचा जा रहा था साथ ही यूरिया के साथ माइकोराइजा खाद को जबरन टैगिंग कर दी जा रही थी। बताया गया कि माइकोराइजा के 19 किलोग्राम के पैकेट 150 रुपये में यूरिया के साथ अनिवार्य रूप से दिए जा रहे थे खुजनेर निवासी कृषक धर्मेन्द्र सादन ने बताया कि उन्हें यूरिया का एक बैग 1000 रुपये में दिया गया, लेकिन विक्रेता द्वारा कोई रसीद नहीं दी गई और न ही पीओएस मशीन में भुगतान दर्ज किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि कृषक को न्त्स् कंपनी का यूरिया दिया गया, जिसकी मैन्युफैक्चरिंग नवंबर 2025 दर्शाई गई है, जो नई दिल्ली की बताई जा रही है अधिकारियों द्वारा मौके पर पंचनामा पढ़कर सुनाया गया, लेकिन संबंधित विक्रेता ने पंचनामे व अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया कृषि विभाग के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पवन कृषि सेवा केंद्र को शील किया व आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है किसानों ने दोषी विक्रेता पर सख्त कार्रवाई और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।